RITES
THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

ईमानदारी–एक जीवन शैली

Integrity - A way of Life

Vigilance Awareness Week

28th Oct – 2nd Nov 2019

सतर्कता बुलेटिन

VIGILANCE BULLETIN

RITES
THE INFRASTRUCTURE PEOPLE



Sardar Vallabh Bhai Patel

(31.10.1875 to 15.12.1950)

Vigilance awareness week is observed every year as a mark of respect to Sardar Vallabh Bhai Patel

अस्वीकरण

यह पुस्तिका केवल सांकेतिक है तथा किसी भी रूप में यह सर्वांगीण नही है और न ही विषयक नियमों, प्रक्रियाओं तथा वर्तमान अनुदेशों/दिशानिर्देशों का प्रतिस्थापन है और न ही इसमें दी गई विषयवस्तु किसी भी रूप में सीवीसी/रेलवे/राइट्स संहिता के नियम का अधिक्रमण करती है | अतः इसे संबंधित नीति के परिपत्रों के साथ पढ़ा जाए ताकि संगत मामले को वास्तविक रूप में समझा जा सके | यह पुस्तिका किसी भी न्यायालय में प्रस्तुत नही की जानी चाहिए तथा जहां कहीं आवश्यक हो वहां अनिवार्यता संबधित विषय के मूल आदेशों का संदर्भ लेना चाहिए | इस पुस्तिका का मुख्य उदेश्य केवल संदर्भ मात्र है |

DISCLAIMER

The handbook is only indicative and is by no means exhaustive, nor is it intended to be a substitute for rules, procedures and existing instructions / guidelines on the subject. The contents herein do not in any way supersede the rules contained in any of the CVC / RAILWAY / RITES codes and should be read with relevant policy circulars for proper appreciation of the issues involved. This handbook also should not be produced in any court of law and whenever necessary, reference should always be made to the original orders on the subject. The primary purpose of the handbook is for reference only.

RITES
THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

भ्रष्टाचार के खिलाफ भागीदारी - ईमानदारी की शपथ

नागरिकों के लिए

मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है।

मेरा मानना है कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए।

अतः मैं प्रतिज्ञा करता हूं किः-

- जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करूंगा;
- ना तो रिश्वत लूंगा और ना ही रिश्वत दूंगा;
- सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करूंगा;
- जनहित में कार्य करूंगा;
- अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करूंगा;
- भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को दूंगा;

PARTICIPATE AGAINST CORRUPTION INTEGRITY PLEDGE

For individual citizens

I believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country. I believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

I realize that every citizen should be vigilant and commit to highest standards of honesty and integrity at all times and support the fight against corruption.

I, therefore, pledge:

- To follow probity and rule of law in all walks of life;
- To neither take nor offer bribe;
- To perform all tasks in an honest and transparent manner;
- To act in public interest;
- To lead by example exhibiting integrity in personal behavior;
- To report any incident of corruption to the appropriate agency.

संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

मेरा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। मेरा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हमें अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करनी होगी।

मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा।

अतः हम प्रतिज्ञा करते हैं किः-

हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे;

हम न तो रिश्वत लेंगे और न ही रिश्वत देंगे;

हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं;

हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे;

हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे;

हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे;

हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा पर्दाफाश तंत्र का प्रबंध करेंगे।

Integrity Pledge for Organizations

We believe that corruption has been one of the major obstacles to economic, political and social progress of our country. We believe that all stakeholders such as Government, citizens and private sector need to work together to eradicate corruption.

We acknowledge our responsibility to lead by example and the need to put in place safeguards, integrity frameworks and code of ethics to ensure that we are not part of any corrupt practice and we tackle instances of corruption with utmost strictness.

We realize that as an Organization, we need to lead from the front in eradicating corruption and in maintaining highest standards of integrity, transparency and good governance in all aspects of our operations.

We, therefore, pledge that:

- We shall promote ethical business practices and foster a culture of honesty and integrity;
- We shall not offer or accept bribes;
- We commit to good corporate governance based on transparency, accountability and fairness;
- We shall adhere to relevant laws, rules and compliance mechanisms in the conduct of business;
- We shall adopt a code of ethics for all our employees;
- We shall sensitise our employees of laws, regulations etc. relevant to their work for honest discharge of their duties;
- We shall provide grievance redressal and Whistle Blower mechanism for reporting grievances and fraudulent activities;
- We shall protect the rights and interests of stakeholders and the society at large.

Telegraphic Address :
"SATARKTA: New Delhi

E-Mail Address
cenvigil@nic.in

Website
www.cvc.nic.in

EPABX
011-24600200

फैक्स / Fax :
011-24651186

सत्यमेव जयते

केन्द्रीय सतर्कता आयोग
CENTRAL VIGILANCE COMMISSION

सतर्कता भवन, जी.पी.ओ. कॉम्पलैक्स,
ब्लॉक–ए, आई.एन.ए., नई दिल्ली–110023
Satarkta Bhawan, G.P.O. Complex,
Block A, INA, New Delhi-110023

सं. / No. 019/VGL/029

दिनांक / Dated 16.10.2019

MESSAGE

The Vigilance Awareness Week observed each year by the Central Vigilance Commission affirms Commission's commitment to promotion of integrity and probity in public life through citizen participation.

"Integrity- A way of life" has been chosen as the theme for the Vigilance Awareness Week this year by the Commission. Integrity and Ethics form the foundational pillars of a nation and national development takes place when individuals and organisations are committed to integrity as a core value. Combating corruption is not just a matter of making laws and creating institutions, but is deeply rooted in human values and morals of individuals. Cultivating ethical values is essential for building a New India.

The Commission believes that this theme would help draw the attention of all sections of society especially the youth of the significance of ethical conduct in the building of an honest, non discriminatory and corruption free society.

The Commission's initiatives like the taking of voluntary Integrity Pledge, Integrity Clubs in schools and colleges, mass awareness campaigns are efforts to motivate people to observe ethical behaviour in everyday life.

The Commission appeals to all to inculcate integrity as a way of life for the realisation of the full potential of the individual and progress of the nation.

(Sharad Kumar)
Central Vigilance Commissioner

Rajeev Mehrotra

प्रिय साथियों,

आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रत्येक वर्ष स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस अर्थात् 31 अक्टूबर वाले सप्ताह को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने २८ अक्टूबर से २ नवंबर २०१९ तक मनाए जाने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए "ईमानदारी - एक जीवन शैली" विषय का चयन किया है।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने हमारे सामने एक नए भारत की परिकल्पना रखी है। इस वर्ष का विषय सभी को, विशेष रूप से युवा पीढ़ी को एक ऐसा जीवन जीने के महत्व को रेखांकित करता है जिसमें सच्चाई एवं ईमानदारी का ऐसा मेल हो कि हम भ्रष्टाचार को मिटाते हुए नए भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अग्रसर हों। भारत में ५० प्रतिशत से अधिक की आबादी २५ वर्ष से कम तथा ६५ प्रतिशत से अधिक की आबादी ३५ वर्ष से कम आयु वालों की है। देश के आर्थिक विकास के लिए जनसंख्या संबंधी इस लाभ की स्थिति का उपयोग करने का यह अच्छा अवसर है।

निवारक सतर्कता के रूप में, राइट्स ने अप्रैल, २०१९ में एचआरएम मैनुअल तथा निर्माण कार्यों के लिए निर्माण परियोजना प्रबंधन दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। स्पष्टता लाने के लिए सभी स्तरों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ताकि स्वनिर्णय की स्थिति से बचा जा सके। प्रशिक्षण में नियमों का अक्षरश: पालन किए जाने के महत्व को भी रेखांकित किया जाता है। भ्रष्टाचार मुक्त नव भारत के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करना अब दूर नहीं है; किंतु इसके लिए हमें ईमानदारी, पारदर्शिता, उचित व्यवहार तथा सभी को न्यायसंगत अवसर जैसे गुणों को युवाओं के मन में बैठाना होगा।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह-२०१९ के दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी के नेतृत्व में राइट्स सतर्कता टीम द्वारा वाक् प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, व्याख्यान, विक्रेता-मिलन, बाहरी गतिविधियां जैसे कि नुक्कड़ नाटक, सेमिनार सहित सतर्कता बुलेटिन के प्रकाशन आदि कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेरी कामना है कि सभी कर्मचारी इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें।

आइए, इस अवसर पर अपने राष्ट्र को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए ईमानदारी को अपनी जीवन शैली में शामिल करने की शपथ लें।

(राजीव मेहरोत्रा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Dear Colleagues

My greetings to all of you.

The week in which 31st October, the birthday of late Sardar Vallabhbhai Patel falls is observed as Vigilance Awareness Week every year. Central Vigilance Commission (CVC) has chosen “Integrity- A way of life” as the main theme for this year’s Vigilance Awareness Week, being observed from 28th October to 2nd November 2019.

A vision of New India has been unfolded by our Honourable Prime Minister. The theme of this year emphasizes the importance of inspiring everyone, especially young generation to lead a life that combines righteousness and honesty to eradicate corruption to achieve goal of new India. India has more than 50% of its population below the age of 25 and more than 65% below the age of 35. This has provided a great opportunity for the country to reap this demographic dividend for making economic growth.

As a part of Preventive Vigilance, RITES has revised the HRM Manual and Guidelines on Construction Project Management for works in April 2019. Trainings are being imparted at all levels to bring clarity so as to avoid personal discretion and underlining the importance that the rules are followed in their letter and spirit. The day to achieve the target of building corruption free New India is not far if the qualities like Honesty, Transparency, Fair dealings and equitable opportunities to all are inculcated in the young brains.

I am glad to note that RITES Vigilance Team under the guidance of Chief Vigilance Officer is organizing a number of programs including Elocution Competition, Essay writing Competition, Lectures, Vendors Meet, Outreach activities like Nukkad Natak, Seminars and release of this vigilance bulletin, during the Vigilance Awareness Week-2019. I wish that all employees take an active participation in these activities.

On this occasion, let us pledge and practise to make Integrity a way of our life to make our nation corruption free.

(Rajeev Mehrotra)
Chairman and Managing Director

THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

Ashok Kumar

केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह २८ अक्टूबर से २ नवंबर २०१९ तक मनाया जा रहा है और इसका विषय है - "ईमानदारी एक जीवन शैली" । हम सभी भ्रष्टाचार के कुप्रभावों से भली-भांति परिचित हैं । भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें देश की प्रगति में एक सबसे बड़ी बाधा है। हम ईमानदारी को अपनी जीवन शैली के रूप में अपनाकर ही हर क्षेत्र से भ्रष्टाचार को मिटा सकते हैं। हालांकि, सजा तथा तेजी से की गई दंडात्मक कार्रवाइयाँ भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रभावकारी होती हैं, लेकिन युवा पीढ़ी को सच्चाई एवं ईमानदारी से परिपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करके बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय "ईमानदारी- एक जीवन शैली" चुनने के पीछे केंद्रीय सतर्कता आयोग का यही मुख्य उद्देश्य है।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए भारत सरकार के सतत प्रयासों से अच्छे परिणाम मिल रहे है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा घोषित भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (करप्शन परसेप्शन इंडेक्स) पर आधारित भारत की रैंकिंग में ३ अंकों का सुधार हुआ है और वर्ष २०१८ में भारत ७८ वें स्थान पर रहा। हालांकि, अभी भी हमारे देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए हमें एक लंबा रास्ता तय करना है। हमें अपने राष्ट्र के युवाओं पर पूरा विश्वास है जिनमें ईमानदारी के उच्चतम मानकों को अपनाकर कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त करने की क्षमता और ऊर्जा है। हमारा यह कर्तव्य है कि हम उन्हें बाल्यकाल से ऐसा रास्ता दिखाएं कि वे भटकें नहीं और तथाकथित सफल एवं सुखद जीवन प्राप्त करने के लिए अनैतिक तरीके न अपनाएं।

इसे ध्यान में रखते हुए, सतर्कता विभाग सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के अंतर्गत "ईमानदारी- एक जीवन शैली" विषय पर विभिन्न गतिविधियों जैसे विद्यालयों में वाक् प्रतियोगिता तथा राइट्स कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, विक्रेता मिलन, बाहरी गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठियां, व्याख्यान तथा इस बुलेटिन का प्रकाशन कर रहा है।

हमने इस सतर्कता बुलेटिन में निवारक जांच के अपने अनुभव के आधार पर केस अध्ययनों, कुछ लेखों तथा कविताओं को शामिल किया है। मैं आशा करता हूं कि यह बुलेटिन राइट्स के युवा पेशेवरों को ईमानदार बनने की प्रतिज्ञा करने एवं ईमानदारी को अपनी जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे संगठन के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं को सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के उदाहरण के रूप में पेश करेंगे ताकि युवा पेशेवर उन्हें आदर पूर्वक देखें और उनसे प्रेरित हों। आप सभी कृपया हमें सतर्कता जागरूकता सप्ताह की गतिविधियों पर अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं जिससे कि २०२० के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन को और बेहतर बनाया जा सके

(अशोक कुमार)

मुख्य सतर्कता अधिकारी

Vigilance Awareness Week is being observed this year from 28th October to 2nd November 2019 with the theme of "Integrity-A way of Life" as per the directives of Central Vigilance Commission. The evil effects of corruption are well known to all of us. The deep rooted corruption is one of the main causes which is adversely affecting the progress of our nation. Corruption from every walk of life can only be rooted out if each one of us makes integrity a way of life. Though punishment and penal actions delivered quickly are effective deterrents to corruption, a lot more may be achieved by inspiring the young generation to lead a life that combines righteousness and honesty. This is the idea of CVC behind choosing "Integrity-A way of life" as main theme for this year's Vigilance Awareness Week.

Sustained efforts of Govt. of India to curb corruption are giving good results which is evident from the fact that India's rank based on Corruption Perception Index declared by Transparency International has improved by 3 points and India stood at 78 in 2018. However, still it's a long way to go to make our nation corruption free. I have utmost faith in youth of our nation who has potential and energy to achieve any target however tough it may be by adopting highest standards of integrity. Our role is to guide them in the tender age not to go astray falling prey to unethical means to have so called successful and comfortable life.

Keeping this in mind, Vigilance unit is organizing various activities including Elocution competition in schools and Essay writing competition for RITES employees on the main theme of "Integrity-A way of Life", Vendors meet, Outreach activities like Nukkad Natak, seminars, Lectures and publishing of this bulletin to commemorate Vigilance Awareness Week.

We have included case studies based on our experience of preventive checks, some articles and poems in this vigilance bulletin. I hope that this bulletin will inspire young professionals of RITES to pledge and practise to make integrity a way of their life. I expect senior officers of our organization to set themselves as an example for highest standards of probity so that the young professionals can look up to them and get inspired. A genuine feedback about the activities of Vigilance Awareness Week from one and all will be highly appreciated for better performance during Vigilance Awareness Week of 2020.

Ashok Kumar
Chief Vigilance Officer

Mukesh Rathore

किसी प्राधिकार पूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति द्वारा स्वयं के लिए अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए लाभ प्राप्त करने हेतु किए गए कपटपूर्ण या अनैतिक आचरण को भ्रष्टाचार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यह विश्वव्यापि है, जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग किसी न किसी तरह से प्रभावित होता है। भ्रष्टाचार राजनीतिक विकास, लोकतंत्र, आर्थिक विकास, पर्यावरण, लोगों के स्वास्थ्य एवं अन्य पहलूओं पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए भ्रष्टाचार को खत्म करने के प्रयासों के प्रति जनता को संवेदनशील और प्रेरित किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सतर्कता अधिकारी के मार्गदर्शन में राइट्स सतर्कता टीम विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है जिसके अंतर्गत विद्यालयों के विद्यार्थियो में जागरूकता लाने के लिए वाक् प्रतियोगिता तथा राइट्स कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, विशेषज्ञों के व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक तथा इस बुलेटिन का प्रकाशन किया जाना शामिल है। हमें भारतीय युवाओं में ईमानदारी के उच्च मानकों को विकसित करना होगा ताकि समाज के सभी हिस्सों से भ्रष्टाचार को समाप्त करके हमारे नये एवं उन्नत भारत के निर्माण का सपना साकार हो।

नियमों या प्रक्रियाओं के निर्धारित न होने अथवा अस्पष्ट नियमों के कारण स्वविवेक की गुंजाइश होने से संदेहास्पद स्थिति उत्पन्न होती है जिससे भ्रष्टाचार हो सकता है। इसे समाप्त करने के लिए सतर्कता टिप्पणियों के आधार पर निदेशक तकनीकी के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न डिविजनों में प्रणालीगत सुधार परिपत्रों के द्वारा इसे और अधिक स्पष्ट बनाया गया है तथा पारदर्शी प्रणालियों को अपनाया गया है।

निरीक्षणों में पाई गई कमियों तथा किए गए सुधारों के संबंध में इस सतर्कता बुलेटिन में प्रकाशित किए गए मामलों से निरीक्षणकर्ता इंजीनियरों के साथ-साथ विक्रेताओं को भी मदद मिलेगी। मेरा आग्रह है कि हम सभी उन कमियों की पहचान करके सतर्क रहें जो अनाचार और भ्रष्टाचार के लिए अवसर प्रदान करती हैं, ताकि ऐसे अवसरों पर अंकुश लगाया जा सके। इस बुलेटिन के प्रकाशन में मुख्य सतर्कता अधिकारी और सतर्कता टीम द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं।

(मुकेश राठौर)
निदेशक तकनीकी

Corruption can be defined as a dishonest or unethical conduct by a person entrusted with a position of authority, either to obtain benefits to oneself or to some other person. It is a global phenomenon, affecting all strata of society in some way or the other. Corruption undermines political development, democracy, economic development, the environment, people's health and much more. It is therefore imperative that the public must be sensitized and motivated towards efforts at weeding out corruption.

RITES vigilance under the guidance of Chief Vigilance Officer are undertaking various activities to bring the awareness among school students by conducting elocution competition and RITES employees by conducting essay writing competition, arranging expert lecture, Nukkad Natak and publishing of this vigilance bulletin. The youth of India should be inculcated with high standards of integrity so that dream of New India or Developed India can be achieved by uprooting corruption from all spheres of society.

Not having laid down rules or procedures or having ambiguous rules giving scope to personal discretion is one of the grey areas where corruption can take place. To plug this, systemic improvement circulars have been issued bringing more clarity and also adopting the transparent systems in various divisions under Director Technical based on Vigilance observations.

The case studies published in Vigilance bulletin with regard to deficiencies found in Inspection works and improvements made will help inspecting engineers as well as vendors. I urge that all of us become vigilant by identifying deficiencies which provide opportunities for malpractices and corruption so that such opportunities can be curbed. Efforts of CVO and team in bringing out this bulletin are commendable.

(Mukesh Rathore)
Director Technical

V. Gopi Suresh Kumar

मुझे प्रसन्नता है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार राइट्स के सतर्कता विभाग द्वारा २८ अक्टूबर से २ नवंबर, २०१९ तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

प्रति वर्ष आयोजित किया जाने वाला सतर्कता जागरूकता सप्ताह केंद्रीय सतर्कता आयोग के बहु-आयामी दृष्टिकोण का हिस्सा है। ये सभी स्टेकहोल्डरों को भ्रष्टाचार के विरूद्ध सामूहिक रूप से लड़ने तथा इसे रोकने और इससे उत्पन्न खतरों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान राइट्स सतर्कता टीम सतर्कता बुलेटिन के प्रकाशन के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी कर रही है।

जैसा कि संथानम समिति की रिपोर्ट, १९६४ में कहा गया है, "जब तक निवारक उपायों से संबंधित योजना नहीं बनाई जाती तथा इन्हें अनवरत एवं प्रभावशील तरीके से लागू नहीं किया जाता, तब तक भ्रष्टाचार को समाप्त या काफी हद तक कम नहीं किया जा सकता है। निवारक कार्रवाई में प्रशासनिक, कानूनी, सामाजिक, आर्थिक और शिक्षाप्रद उपाय शामिल होने चाहिए।" परहेज इलाज से बेहतर है। मेरे विचार से, दण्डात्मक सतर्कता से निवारक सतर्कता अधिक महत्वपूर्ण है। निवारक सतर्कता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए राइट्स ने दिन-प्रतिदिन की विभिन्न गतिविधियों के लिए नियम, प्रक्रियाएं, मैनुअल तथा शक्तियों की अनुसूची निर्धारित की है। राइट्स ने मानक निविदा दस्तावेज भी जारी किए हैं तथा नियमित रूप से संशोधन पर्ची के माध्यम से इसे अद्यतित भी किया जाता है। हाल ही में निर्माण कार्यों के लिए मानक निविदा दस्तावेजों को जुलाई, २०१९ में संशोधित किया गया है। ये सभी दस्तावेज मिलकर, स्वनिर्णय तथा मनमानापन जैसी स्थितियों पर लगाम कस सकते हैं जिसके फलस्वरूप भ्रष्टाचार का सफाया संभव हो सकता है। मुख्य सतर्कता आयोग तथा सतर्कता द्वारा जांच के दौरान जहां कही भी कमियां पाई जाती है, वहां स्व-निर्णय को कम करने के लिए हमें निरंतर नियमों में सुधार करना चाहिए, उन्हें सरल बनाना चहिए तथा प्रोद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए। इसी दिशा में हमने ई-प्रोक्योरमेंट का कार्यान्वयन किया है तथा अब ई-ऑफिस क्रियान्वित करने की दिशा में अग्रसर हैं।

मैं इस सप्ताह के दौरान कार्यक्रमों के आयोजन और इस बुलेटिन को प्रकाशित करने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी और उनकी टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। मैं सभी कर्मचारियों से आग्रह करता हूं कि वे पूरे वर्ष सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति प्रतिबद्ध रहें।

(वी. गोपी सुरेश कुमार)
निदेशक परियोजना

I am happy that Vigilance Wing of RITES is organizing vigilance awareness week from 28th October to 2nd November 2019 as per the directives of Central Vigilance Commission.

Observing Vigilance Awareness Week every year is part of the multi-pronged approach of CVC to encourage all stakeholders to collectively participate in the prevention of and the fight against corruption and to raise public awareness regarding the existence, causes and gravity of the threat posed by corruption. RITES Vigilance is organizing various activities including publication of this Vigilance Bulletin during vigilance awareness week.

As stated in Santhanam Committee Report,1964 "Corruption cannot be eliminated or even significantly reduced unless preventive measures are planned and implemented in a sustained and effective manner. Preventive action must include administrative, legal, social, economic and educative measures". Prevention is better than cure. In my view, preventive vigilance is more important than punitive vigilance. To make preventive vigilance more effective, RITES has laid down rules, procedures, manuals and Schedule of Powers to deal with various day to day activities. RITES has also issued standard Tender documents and continuous updating of these documents through correction slips is also undertaken regularly. Recently, the Standard Tender Document for works has been revised in July 2019. All these documents, together, reduce the discretion and arbitrariness which results in eradication of corruption. We should strive for continuous improvement and simplification of rules and technological intervention to reduce the discretion wherever gaps are found during checks by CVC or Vigilance. In this direction, we have moved forward by implementing E-Procurement and now are about to implement E-office.

I congratulate CVO and his team for their efforts for undertaking the activities during the week and for bringing out this bulletin. I will urge upon all the employees to continue their commitment towards higher standards of probity in public life, throughout the year.

V. Gopi Suresh Kumar
Director Projects

No. 004/VGL/18
Government of India
Central Vigilance Commission
******

Satarkata Bhawan, Block-A,
GPO Complex, INA,
New Delhi-110023.
Dated:13th April,2004

Offce Order No. 23/04/04
(read with modifcation vide offce Order No. 74/12/05)

Subject: Vigilance angle – defnition of.

As you are aware, the Commission tenders advice in the cases, which involve a vigilance angle. The term "vigilance angle" has been defined in the Special Chapters for Vigilance Management in the public sector enterprises, public sector banks and public sector insurance companies. The matter with regard to bringing out greater quality and precision to the definition has been under reconsideration of the Commission. The Commission, now accordingly, has formulated a revised definition of vigilance angle as under:

"Vigilance angle is obvious in the following acts: -

(i) Demanding and/or accepting gratification other than legal remuneration in respect of an official act or f o r using his influence with any other official.
(ii) Obtaining valuable thing, without consideration or with inadequate consideration from a person with whom he has or likely to have official dealings or his subordinates have official dealings or where he can exert influence.
(iii) Obtaining for himself or for any other person any valuable thing or pecuniary advantage by corrupt or illegal means or by abusing his position as a public servant.
(iv) Possession of assets disproportionate to his known sources of income.
(v) Cases of misappropriation, forgery or cheating or other similar criminal offences.

2 (a)** There are, however, other irregularities where circumstances will have to be weighed carefully to take a view whether the officer's integrity is in doubt. Gross or willful negligence; recklessness in decision making; blatant violations of systems and procedures; exercise of discretion in excess, where no ostensible/public interest is evident; failure to keep the controlling authority/superiors informed in time – these are some of the irregularities where the disciplinary authority with the help of the CVO should carefully study the case and weigh the circumstances to come to a conclusion whether there is reasonable ground to doubt the integrity of the offcer concerned.

2 (b) Any undue/ unjustifed delay in the disposal of a case, perceived after considering all relevant factors, would reinforce a conclusion as to the presence of vigilance angle in a case.

**as modifed vide Offce Order No. 74/12/05 dated the 21/12/05.

3. The raison d'être of vigilance activity is not to reduce but to enhance the level of managerial efficiency and effectiveness in the organization. Commercial risk taking forms part of business. Therefore, every loss caused to the organization, either in pecuniary or non-pecuniary terms, need not necessarily become the subject matter of a vigilance inquiry. Thus, whether a person of common prudence, working within the ambit of the prescribed rules, regulations and instructions, would have taken the decision in the prevailing circumstances in the commercial/operational interests of the organization is one possible criterion for determining the bonafides of the case. A positive response to this question may indicate the existence of bonafides. A negative reply, on the other hand, might indicate their absence.

4. Absence of vigilance angle in various acts of omission and commission does not mean that the concerned official is not liable to face the consequences of his actions. All such lapses not attracting vigilance angle would, indeed, have to be dealt with appropriately as per the disciplinary procedure under the service rules."

5. The above definition becomes a part of the Vigilance Manual and existing Special Chapter on Public Sector Banks and Public Sector Enterprises brought out by the Commission, in supersession of the existing definition.

CVOs may bring this to the notice of all concerned.

All Chief Vigilance Officers

सिविल इंजीनियरिंग कार्यों में अनियमितता के मामलों का अध्ययन

CASE STUDIES OF IRREGULARITIES FOUND IN CIVIL ENGG WORKS

अतिरिक्त मद को तैयार करना और उसका भुगतान करना जो कि मान्य नहीं था

सीटीई जाँच के दौरान यह देखा गया कि ठेकेदार को विस्फोट (बलास्ट) किए बिना खुदाई की मद को संचालित करने की अनुमति दी गई थी, तथापि बीओक्यू के अनुसार खुदाई ब्लास्टिंग के साथ की जानी थी। जांच से यह स्पष्ट पाया गया कि शुरुआत में खुदाई केवल ब्लास्टिंग के साथ की जानी थी । लेकिन ठेकेदार की गलती ने इस तरह की परिस्थिति पैदा कर दी जिसके कारण आसपास के इलाकों में बन रही संरचनाओं की वजह से विस्फोट संभव नहीं था। इस तरह के परिदृश्य में, किसी भी अतिरिक्त मद को पहली बार में ही अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी। हालांकि, ब्लास्टिंग के बिना खुदाई को निष्पादित करने के लिए अतिरिक्त मद पर विचार किया गया था और अतिरिक्त लागत का 75% हिस्सा भी भुगतान किया गया था। इसके अलावा, राइट्स के अधिकारियों ने खुदाई का काम शुरू करने के बाद चार साल तक चट्टान/मिट्टी के वर्गीकरण में देरी की। राइट्स के अधिकारियों को प्रारंभिक चरण में ही चट्टान/मिट्टी को वर्गीकृत करना चाहिए था और साथ ही ठेकेदार पर विस्फोट के साथ खुदाई करने के लिए दबाव बनाना चाहिए था। असंगत योजना बनाने तथा कार्य योजना के अनुसार कार्य की निगरानी नहीं करना, यह न जाँचना कि क्या अतिरिक्त मद उन परिस्थितियों में मान्य थी, जिनमें ठेकेदार की गलती के कारण बिना ब्लास्टिंग के खुदाई का कार्य किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त आइटम के भाग दर को तैयार करना पड़ा और भुगतान करना पड़ा जो अनुबंध की शर्तों के अनुसार मान्य नहीं था। सभी अधिकारी जो निर्माण/अनुबंध प्रबंधन कार्य कर रहे हैं, उन्हें अतिरिक्त मद के संबंध में सावधानी बरतनी चाहिए ताकि उपर्युक्त वर्णित स्थितियों से बचा जा सके।

Preparation and payment of Extra item which was not tenable

During the CTE checks, it has been observed that contractor was allowed to operate the item of Excavation without blasting though Excavation with blasting was to be carried out as per BOQ. From the investigation it was found amply clear that initially excavation was to be done with blasting only but the fault of contractor created situation for excavation where blasting was not possible, due to upcoming structures in nearby areas. In such a scenario, no extra item should have been entertained at the very first instance. However, extra item for executing excavation without blasting was considered and also part rate of 75% of extra cost was also paid. Further, RITES officials delayed the classification of rock/soil for four years after start of excavation work. RITES officials should have classified the rock/soil in the initial stages and further should have insisted contractor to executive the excavation with blasting. Improper planning and not monitoring the work as per work programme, not checking whether extra item was tenable under the circumstances wherein contractor's fault lead to execution of excavation without blasting resulted in preparation and payment of part rate of extra item which was not tenable as per contract conditions. All officers who are dealing with construction/ contract management works should be careful while processing the extra items to avoid such situations as explained above.

"मेक की स्वीकृत सूची" में शामिल नहीं मेक का उपयोग करना

सीटीई चेक के दौरान, यह देखा गया है कि अन्य मेक की यूपीवीसी विंडो जो कि "मेक की स्वीकृत सूची में नहीं थी", जैसा कि निविदा दस्तावेज में दिया गया था, का उपयोग कार्य की तात्कालिक आवश्यकता और "मेक की स्वीकृत सूची" में शामिल स्वीकृत विक्रेताओं की समय पर सप्लाई की अक्षमता का हवाला देते हुए किया गया था। इस तरह के मामलों में, "स्वीकृत मेक की सूची" में उल्लिखित के अलावा अन्य मेक को मंजूरी देने का अधिकार निविदा के प्रावधानों के अनुसार प्रभारी इंजीनियर के पास था। उस विशेष मामले में, जीएम प्रभारी इंजीनियर थे। साइट पर काम करने वाले संयुक्त महाप्रबंधक ने अपनी शक्तियों के बाहर जाकर "मेक की स्वीकृत सूची" के अलावा अन्य मेक को मंजूरी दे दी और ठेकेदार को सभी भवनों में यूपीवीसी विंडो के उसी मेक का उपयोग करने की अनुमति दे दी। मामले की जांच के दौरान यह पाया गया कि विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन से पहले केवल दो भवनों के लिए तात्कालिक आवश्यकता उचित थी। अन्य सभी भवनों के लिए, अनुमोदित सूची में दी गई यूपीवीसी विंडो का उपयोग किया जा सकता था। निर्माण/अनुबंध प्रबंधन कार्यों से जुड़े राइट्स अधिकारियों को अपनी शक्तियों से बाहर जाकर कार्य करने के प्रति सावधान रहना चाहिए और केवल "स्वीकृत सूची में उल्लिखित" मेक का उपयोग करना चाहिए। यदि उचित कारणों से कोई विचलन अपरिहार्य है, तो उपयोग करने से पहले विचलन के लिए औचित्य देते हुए सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए। विचलन के कारण, लागत समायोजन अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार किया जाना चाहिए।

Using make not in “Approved list of makes”

During the CTE checks, it has been observed that UPVC windows of other make which was not in the “Approved List of Makes” as given in tender document were used citing exigency of work and inability of Approved vendors to supply the makes figured in “Approved List of Makes” in time. In such cases, the authority to approve the make other than those mentioned in “Approved List of Makes” was Engineer-in-Charge as per Tender provisions. In that particular case, GM was the Engineer-in-Charge. JGM working at site approved the make other than the “Approved List of Makes” overstepping his powers and allowed contractor to use the same make of UPVC window in all buildings. During the examination of the case, it was found that the exigency was justifiable for only two buildings which were to be completed before inauguration of University Campus. For all the other buildings, the UPVC windows given in approved list could have been used. RITES officers dealing with construction/ contract management works should be careful not to overstep their powers and also to use only the makes mentioned in “Approved List of Makes”. In case any deviation is unavoidable due to genuine reasons, approval from Competent Authority giving justification for the deviation should be obtained prior to use. Cost adjustment on the account of the deviation should be done as per the provisions of contract.

RITES
THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

ओपन टेंडर के खिलाफ प्राप्त एकमात्र बोली का निर्वहन (डिस्चार्ज)

सतर्कता निरीक्षण में यह देखा गया कि खुली निविदाओं के आमंत्रण के विरुद्ध प्राप्त की गई एकमात्र बोली का मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि बोलीदाता को तकनीकी रूप से अपनी मूल्य बोली खोलने के लिए योग्य माना गया था। एकमात्र बोली लगाने वाले की बोली को खोला जाना चाहिए था और यह देखा जाना चाहिए था कि निर्माण परियोजना प्रबंधन, दिसंबर 2015 के राइट्स दिशानिर्देशों के अनुसार उद्धृत मूल्य स्वीकार्य सीमा के भीतर था या नहीं। तथापि, तकनीकी बोली के खुलने की तारीख से लगभग 41 दिनों के बाद यानी ब्रीफिंग नोट तैयार करने के बाद, ग्राहक निविदा समिति से बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रत्यय पत्र (क्रेडेन्शियल्स) की पुष्टि की कार्रवाई के बाद निविदा के डिस्चार्ज के लिए संस्तुति की गई जिसे कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किया गया था, जबकि बोलीदाता तकनीकी मानदंड पूर्ण कर रहा था, निविदा को डिस्चार्ज करने का कारण "कोई प्रतियोगिता नहीं" दिया गया। चूंकि एकमात्र बोली प्राप्त करने के तथ्य का खोलने के दिन ही पता चल गया था, 41 दिनों के बाद "नो कॉम्पिटिशन" के कारण का हवाला देते हुए निविदा का निर्वहन करना, सीपीएम, दिसंबर 2015 के राइट्स दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं था। इसके अलावा, सीपीएम पर राइट्स दिशानिर्देशों से विचलन के लिए कोई अनुमोदन निदेशक परियोजना से प्राप्त नहीं किया गया था, जबकि यह स्पष्ट रूप से दिशानिर्देशों के फोरवार्ड के पैरा 12.0 में उल्लेख किया गया है कि किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में, जिसमें किसी विशेष परियोजना की परिस्थितियों के अनुरूप दिशानिर्देशों में पूरक/विचलन की आवश्यकता हो सकती है, इसे निदेशक परियोजना के अनुमोदन से किया जा सकता है जो ऐसे मामलों में उपयुक्त प्राधिकारी हैं। परियोजना समन्वयक, निविदा समिति और निविदा स्वीकृति प्राधिकारी के उपरोक्त कृत्यों के परिणामस्वरूप 41 दिनों की बर्बादी हुई। निविदाओं से जुड़े कार्यों को करने वाले सभी अधिकारियों को सावधानीपूर्वक सीपीएम पर दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

Discharge of Lone bid received against Open Tender

In vigilance inspection it was observed that the lone bid received against invitation of open tenders was evaluated and found that the bidder was technically qualified for opening of their Price bid. The Price bid of the lone bidder should have been opened and seen whether the quoted price was within the acceptable limit as per RITES Guidelines on Construction Project Management, Dec. 2015. However, after nearly 41 days from the date of opening of Technical bid ie after preparation of Briefing Note, obtaining confirmation of credentials submitted by the bidder from clients, Tender Committee recommended for discharging the tender which was accepted by Competent Authority though the bidder was meeting the Technical Criteria, citing “no competition” as reason for discharging the tender. As the fact of receiving lone bid was known on the day of opening itself, discharging the tender citing the reason of “No Competition” after 41 days was not in line with RITES Guidelines on CPM, Dec. 2015. Also, no approval for deviating from the RITES Guidelines on CPM was obtained from Director Projects where as it was clearly mentioned in Para 12.0 of FOREWORD to Guidelines that in the event of any contingency that might arise requiring supplementing/ deviating from what is contained in the Guidelines so as to suit the conditions on a particular project, the same may be done with the approval of the Director Projects who is the appropriate authority in such cases. The above acts of Project Coordinator, Tender Committee and Tender accepting authority resulted in wastage of 41 days. All officers dealing with Tenders should follow Guidelines on CPM meticulously.

'निरीक्षण कार्यों' में अनियमितता के मामलों का अध्ययन
CASE STUDIES OF IRREGULARITIES FOUND IN INSPECTION WORKS

निरीक्षणकर्ता इंजीनियर द्वारा आईबीएस पोर्टल पर झूठी सूचना पोस्ट करना

औचक निवारक जांच के दौरान, आईबीएस पर यह पाया गया कि निरीक्षणकर्ता इंजीनियर (आईई) द्वारा निरीक्षण आरंभ कर कॉल का स्टेट्स 'अभी निरीक्षण के अधीन' में परिवर्तित कर दिया गया। परंतु जब फर्म के प्रतिनिधि से चल रहे निरीक्षण के संबंध में पूछताछ की गई, तब फर्म के प्रतिनिधि ने बताया कि उसे आरंभ की गई जांच के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। फर्म के प्रतिनिधि एवं निरीक्षणकर्ता इंजीनियर के बीच किसी प्रकार का सम्प्रेषण भी नहीं हुआ। औचक सतर्कता जांच के बारे में सूचना प्राप्त होते ही, निरीक्षणकर्ता इंजीनियर ने केस स्टेट्स को भी 'अभी निरीक्षण के अधीन' से 'लंबित' में परिवर्तित कर दिया।

जांच के पश्चात यह पाया गया कि निरीक्षणकर्ता इंजीनियर ने बार-बार गलत जानकारी पोस्ट की जैसे कि दैनिक कार्य योजना की झूठी अपडेटिंग एवं राइट्स आईबीएस पोर्टल पर केस का स्टेट्स बदलना। वास्तविक निरीक्षण किए बिना निरीक्षण प्रमाणपत्र जारी करने का उनका उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट था। सतर्कता जांच के पश्चात्, निरीक्षणकर्ता इंजीनियर ने पूर्व में केस स्टेट्स के साथ किए गए हेर-फेर को छिपाने के लिए उसमे बदलाव कर दिया।

सीख : निरीक्षणकर्ता इंजीनियर को राइट्स के आईबीएस पोर्टल पर सही एवं सत्य सूचना ही पोस्ट करनी चाहिए तथा नियत्रंक प्रबंधक को और अधिक सतर्क रहना चाहिए तथा उसे अपने अधीन प्रत्येक इंजीनियर की दैनिक गतिविधियों पर निगरानी रखनी चाहिए।

Inspecting Engineer Posted Wrong Information on IBS Portal

In surprise preventive check, it was noticed from IBS that IE had initiated the inspection and changed the call status as "Still under inspection". However, when enquired with firm's representative about ongoing inspection, firm's representative told that he was not aware when the inspection was initiated/started. There was no communication between firm's representative and Inspecting Engineer. On getting the information about the surprise vigilance check, the Inspecting Engineer changed case status to "pending" from "still under inspection".

After investigation it came to notice that Inspecting Engineer had repeatedly posted wrong information like falsely updating daily work plan & changing case status on IBS portal of RITES. His motive to issue Inspection Certificate without doing actual inspection was very clear. After vigilance check, IE changed the call status to hide the manipulation done in call status given earlier.

Lesson: Inspecting Engineer should post correct and true information on IBS portal of RITES and Controlling Manager should be more vigilant and monitor the daily activity of each Inspecting Engineer under him.

राइट्स द्वारा स्वीकृत चैकशीट में सुधार

एक निवारक जांच में यह देखा गया कि राइट्स द्वारा स्वीकृत चैकशीट में से एक में विनिर्दिष्ट आयाम (लंबाई-चौड़ाई) व्यावहारिक रूप से मापना संभव नहीं था क्योंकि सतह वैल्डिंग से ढकी हुई थी। अन्य सामग्रियों की चैकशीट में भी इसी प्रकार की स्थिति हो सकती है। सुझाव हैं कि ऐसी परिस्थितियों को पहचान कर उनका निपटान किया जाए।

सीख : चैकशीट को यह सुनिश्चित करने के पश्चात ही तैयार एवं अनुमोदित किया जाना चाहिए कि चैकशीट में उल्लिखित सभी मापदंडों की व्यावहारिक रूप से जांच करना संभव होगा।

Improvement Pertaining to RITES Approved Checksheet

In a preventive check, it was observed that in one of the RITES approved checksheets, the dimensions specified are not practically feasible to measure due to surface being covered with welding. Similar situation may exist in checksheets of other materials also. It is suggested that such anomalies may be identified and removed.

Lesson: Checksheet should be prepared and approved only after ensuring that all the parameters mentioned in checksheet can be checked practically.

ऑफर की गई सामग्री की मात्रा सुनिश्चित किए बिना निरीक्षण कार्य आरंभ करना

एक निवारक जांच में पाया गया कि आपूर्तिकर्ता ने सामग्री की पूरी तैयारी के बिना एक निरीक्षण काल निर्धारित कर दी और निरीक्षण इंजीनियर ने सामग्री की पूर्ण मात्रा की उपलब्धता की जांच किए बिना निरीक्षण किया। सामग्री की पूर्ण मात्रा की अनुपलब्धता इंगित करती है कि पूर्ण मात्रा के लिए आंतरिक परीक्षण भी पूरा नहीं किया गया था। निरीक्षण इंजीनियर ने उपलब्ध कराई गई आंशिक मात्रा का ही निरीक्षण किया।

इस मामले की सूचना आरडीएसओ को दी गई कि फर्म पूर्ण मात्रा में सामग्री उपलब्ध न होने पर निरीक्षण कॉल प्रस्तुत कर रही थी। फलस्वरूप, आरडीएसओ ने आपूर्तिकर्ताओं की स्वीकृत सूची से अस्थायी रूप से फर्म को हटाने का फैसला किया।

सीख: निरीक्षण के आरंभ में इंजीनियर को सामग्री की पूर्ण मात्रा की उपलब्धता को सत्यापित एवं सुनिश्चित करना चाहिए और सामग्री के पूर्ण मात्रा में उपलब्ध होने पर ही निरीक्षण करना चाहिए।

Inspection Initiated without Ensuring Quantity of offered Material

In a preventive check, it came to notice that supplier had placed an inspection call without complete readiness of material & IE conducted the inspection without checking the availability of full quantity of material. The non-availability of full quantity material indicates that internal testing was also not completed for full quantity. IE had conducted the inspection for the part quantity made available.

This matter was informed to RDSO that firm was placing inspection call without availability of full quantity of material. As a result, RDSO decided to temporarily delist the firm from the Approved List of suppliers.

Lesson: At the initiation of inspection, Inspecting Engineer should verify and ensure the availability of full quantity of material & carry out the inspection only if full quantity is available.

विक्रेता को निरीक्षण प्रमाण-पत्र सौंपने में हुई देरी से संबंधित शिकायत

हमें प्राप्त हुई एक शिकायत के अनुसार निरीक्षण इंजीनियर को विक्रेता को आईसी देरी से सौंपने की आदत थी। सतर्कता टीम द्वारा की गई निवारक जाँच के दौरान पता चला कि वास्तव में निरीक्षण इंजीनियर सारहीन आधार पर विक्रेता को आईसी सौंपने में देरी कर रहा था।

निरीक्षण इंजीनियर के इस कृत्य से विक्रेता को अनावश्यक देरी और परेशानी हुई।

सीख: एक बार निरीक्षण पूरा हो जाने के बाद, एक दिन के भीतर निरीक्षण प्रमाण-पत्र अनिवार्यत: जारी किया जाना चाहिए और विक्रेता को सौंप दिया जाना चाहिए।

Complaint Regarding Delay in Handing over of Inspection Certificate to Vendor

A Complaint was received that Inspecting Engineer was in habit of delaying in handing over of IC to vendor. A preventive check was done by vigilance team and it came to notice that Inspecting Engineer was actually delaying handing over of IC to vendor on flimsy grounds. This act of Inspecting Engineer had caused unnecessary delay and harassment to vendor.

Lesson: Once the Inspection is completed, Inspection Certificate should be invariably issued & handed over to vendor within one day.

निरीक्षण गतिविधियों में ढिलाई

हमें प्राप्त शिकायत में, राइट्स निरीक्षण इंजीनियर ने लैब मांग-पत्र में अप्रासंगिक परीक्षणों का उल्लेख किया था जो कि निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार आवश्यक नहीं थे।

जांच के बाद यह पाया गया कि निरीक्षण इंजीनियर ने लैब मांग-पत्र में वैकल्पिक परीक्षण करने के लिए कहा था। इन परीक्षणों को करने में दो महीने का समय लगता है तथा इसका परीक्षण शुल्क रूपये 769478 के साथ सामग्री की अनुमानित लागत लगभग 10 लाख रु. थी। जिसके कारण भारतीय रेल को सामग्री की आपूर्ति में देरी होने के साथ-साथ विक्रेता को परेशानी हो सकती थी। राइट्स सतर्कता के हस्तक्षेप से, निरीक्षण इंजीनियर और नियंत्रण प्रबंधक दोनों ने अपनी गलती को स्वीकार किया और सामग्री का निर्धारित विनिर्देशों के अनुसार स्वीकृत परीक्षणों के अनुसार परीक्षण किया गया। फलस्वरूप, परीक्षण शुल्क काफी कम हो गया और परीक्षण का समय भी दो महीने से कम होकर एक सप्ताह हो गया।

सीख: निरीक्षण करने वाले इंजीनियर और नियंत्रण प्रबंधक को केवल वही परीक्षण करवाने चाहिएं जो निर्धारित विनिर्देशानुसार आवश्यक हों।

Slackness in Inspection Activities

A complaint was received that RITES Inspecting Engineer had mentioned irrelevant tests in Lab requisition which were not required as per governing specification. After investigation it was found that Inspecting Engineer had mentioned optional tests in lab requisition which takes two months to perform those tests and also costs Rs.769478 towards testing charges for the material costing approx. Rs 10 lakhs only. This would have resulted in unwarranted delay in supplying of material to Indian Railways and harassment to vendor. With the intervention of RITES vigilance, both IE & CM accepted their fault and got the material tested as per required acceptance tests as per governing specifications. As a result, testing fee was reduced considerably and testing time also got reduced from two months to one week.

Lesson: Inspecting Engineer & Controlling Manager should prescribe only those tests which are required as per governing specifications.

ईमानदारीः एक जीवन शैली

ईमानदारी कोई वाह्य प्रक्रिया नहीं है बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के कार्य-व्यवहार से परिलक्षित होती है इसके अभाव में व्यक्ति का कोई स्थायित्व नहीं होता। किसी भी कार्य को सफल मूर्तरूप देने में महती आवश्यकता होती है जो केवल ईमानदारी से ही संभव है।

मनुष्य की प्रतिष्ठता और सम्मान ईमानदारी पर निर्भर करती है। संस्कृत काव्य में एक युक्ति है - "सत्यं वद, धर्मं चर" अर्थात् सत्य बोलना और सत्यनिष्ठा से अपने धर्म का पालन करना। कहने का आशय यह है कि व्यक्तियों को अपने कार्य सत्यनिष्ठा और ईमानदारी से करना आवश्यक है क्योंकि मनुष्य समाज से जुडा है और सृष्टि के नियंता ने मनुष्य के लिए अन्य जीवों से भिन्न एक विशेष गुण दिया है - बुद्धि, जो उसे अन्य जीवों से श्रेष्ठ बनाती है। कोई व्यक्ति ईमानदार है या नहीं, उसके गुण-दोष, कार्य-प्रणाली, कार्य एवं व्यवहार से ही परखा जा सकता है। ईमानदार व्यक्ति परेशान हो सकता है परंतु विचलित नहीं। इसका कारण है कि ईमानदारी हमेशा सापेक्ष होती है, जो निरपेक्ष होकर भी व्यक्ति के कार्य-व्यवहार में दिखाई देती है।

कोई कितने भी षडयंत्र क्यों न रच ले ? आखिर में सत्य और ईमानदारी की ही जीत होती है। महाभारत का नाम तो आपने सुना ही होगा, जिसमें कौरवों और पांडवों के बीच चौसर के खेल में शकुनि ने बेईमानी, चालाकी करके पांडवों को हराया और उनके विरूद्ध अनेक षडयंत्र रचे परंतु अंत में सत्य की जीत हुई और पांडव विजयी हुए। मनुष्य का सम्मान, प्रतिष्ठा उसकी ईमानदारी पर निर्भर है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल होने के लिए आवश्यक है। इस गुण को कोई भी व्यक्ति अपने अंदर विकसित कर सकता है और यह ऐसा गुण है जो व्यक्ति को परिवार, समाज और राष्ट्र में सम्मानीय स्थान प्रदान करता है परंतु इसके विपरीत आचरण करने वाले व्यक्ति को अपमानित होना पडता है और कभी-कभी उसे कोप-भाजन का शिकार भी होना पडता है। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो ऐसे व्यक्ति समाज के लिए घातक होते है जो ईमानदारी को ताक पर रखकर अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाते है। भ्रष्टाचार ने समाज में गहरी जडें जमा ली है -

माया की अंध-दौर में, भाग रहा नर नित्य।
नस-नस बेमानी भरी, कैसे हो आदित्य ।।

रिश्वत लेना, भ्रष्टाचार करना, इसमें लिप्त रहना समाज में व्याप्त ऐसे असामाजिक कृत्य है, जिन्हें केवल ईमानदारी से ही परास्त किया जा सकता है। ईमानदारी भ्रष्टाचार के विरूद्ध सशक्त हथियार है।

ईमानदारी प्रतिमा की भांति व्यक्ति की सुंदर तस्वीर प्रदर्शित करती है जो अदृश्य होकर भी व्यक्ति की छवि को निखारती है। यदि हमें अपने किसी परिचित व्यक्ति की ईमानदारी का पता लगाना है और वह व्यक्ति हमसे बहुत दूर है, केवल उसका नाम लेते ही वहां बैठे लोग भी उस व्यक्ति की ईमानदारी का आंकलन कर लेते है। समाज में कई ऐसे भ्रष्ट लोग है जिनका नाम लेने पर उनकी ईमानदारी का पता चल जाता है, उसे बताने की आवश्यकता नहीं होती। जो व्यक्ति अपने परिवार का ईमानदारी से भरण-पोषण करता है, घर के सभी सदस्य उसका सम्मान करते है।

